# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय आदेश

संयुक्त निदेशक–स्कूल शिक्षा, चूरू ने आदेश कमांकः– सनि/स्कूल शिक्षा/चूरू/संस्था–अ/व्यवस्थार्थ/2019 दिनांक 17.01.2020 द्वारा श्री इमरान खान, प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, शिवपुरा–अलसीसर–झुंझुनूं तत्कालीन व्यवस्थार्थ जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय–माध्यमिक झुंझुनूं को रामावि, जैतपुरा–बुहाना, झुंझुनूं में कार्यव्यवस्थार्थ लगाया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में जिला शिक्षा अधिकारी–मुख्यालय, माध्यमिक झुंझुनूं ने आदेशांक 1219 दिनांक 17.01.2019 द्वारा श्री इमरान खान, प्र0अ0 को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, जैतपुर–बुहाना झुंझुनूं के लिए कार्यमुक्त करते हुए कार्यग्रहण हेतु पाबन्द किया गया। लेकिन श्री इमरान खान द्वारा उक्त आदेशों की अनुपालना में कार्यग्रहण नहीं किया गया। फलस्वरूप श्री खान को सेवा से स्वेच्छिक अनुपस्थिति मानते हुए इस कार्यालय के नोटिस कमांकः– शिविरा/माध्य/संस्था/ए–2/इमरान/2019/24 दिनांक 25.06.2021 द्वारा नियम 86(4) के तहत नोटिस दिया गया। नोटिस के कम में भी कोई जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकः–15.07.2021 द्वारा दिनांक 19.07.2021 को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। लेकिन उक्त दिवस को अधोहस्ताक्षरकर्त्ता की अनुपस्थिति में अपना लिखित अभिकथन प्रस्तुत किया, जिसमें इनके द्वारा स्वेच्छिक अनुपस्थिति के सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कहते हुए विषय से पृथक अभिकथन प्रस्तुत किये हैं।

प्रकरण का समस्त अवलोकन किये जाने उपरान्त श्री इमरान खान प्रधानाध्यापक–मावि का पदस्थापन GOVT. SECONDARY SCHOOL SURAJGARH MANDI (215889), SURAJGARH, JHUNJHUNU में करते हुए पाबन्द किया जाता है कि श्री खान उक्त पदस्थापित स्थान पर तत्काल कार्यग्रहण करें। कार्यग्रहण नहीं करने की स्थिति में श्री खान को स्वेच्छिक अनुपस्थित मानते हुए राजकीय सेवा से पृथक कर दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय–माध्यमिक, झुंझनूं श्री इमरान खान की ऑनलाइन कायग्रहण/ कार्यमुक्ति की कार्यवाही सुनिश्चित करावें तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए अवगत करावें।

**(सौरभ स्वामी)**
**आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः– शिविरा–मा/संस्था/ए–2/इमरान खान/2019/** **दिनांकः– 7 सितम्बर 2021**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत् :–

01. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, चूरू।
02. सिस्टम एनालिस्ट कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्।
03. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा झुंझुनूं को पालनार्थ ।
04. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूरजगढ झुंझुनूं।
05. श्री इमरान खान, प्रधानाध्यापक द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय–माध्यमिक झुंझुनूं ।
06. सहायक निदेशक–विभागीय जांच अनुभाग कार्यालय हाजा।
07. रक्षित पत्रावली/बी–1 पंजिका।

**संयुक्त निदेशक–कार्मिक**